तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि
सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, बुधवार, 2 अप्रैल 2025

[अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज]

2 बर्ड फ्लू : 34 हजार से ज्यादा पोल्ट्री उत्पाद किए गए नष्ट, कोरिया ...

खबर संक्षेप

दुर्गा मंदिर में महिला मंच की जसगीत प्रस्तुति कल

अम्बिकापुर। वसुधा महिला मंच महिला भजन मंडलियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से गांधी चौक स्थित दुर्गा मंदिर में 3 अप्रैल को अपराह्न 3 बजे जसगीत का आयोजन करेगी। वसुधा की संयोजक सुश्री वंदना दत्ता ने बताया कि कार्यक्रम में शहर की महिला भजन मंडलियां जसगीत प्रस्तुत करेंगी। कार्यक्रम में वसुधा के सामान्य ज्ञान एवं आंगन सजाओं प्रतियोगिता के विजेता महिलाओं को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा।

कोरिया में बर्ड फ्लू की पुष्टि के बाद प्रशासन अलर्ट

सूरजपुर। कोरिया जिले मे स्थित शासकीय कुक्कुट पालन प्रक्षेत्र में एवियन इन्फ्लूएंजा (बर्ड फ्लू) के प्रकोप की पुष्टि हुई है। सूरजपुर जिले में वर्तमान में किसी की एवियन एन्फ्लुएन्जा (बर्ड फ्लू) की जानकारी नहीं है। यह बीमारी मुख्यतः अधिक घनत्व वाले कुक्कुट फार्मो, जंगली प्रवासी पक्षियों व घरेलू पक्षियों में भी देखी जाती है। फिर भी सतर्कता के तौर पर जिले में भी रैपिड रिस्पांस टीम का गठन किया गया है तथा पशुधन विकास विभाग द्वारा जिले में सतत निगरानी की जा रही है। विकासखंड स्तर पर भी टीमों का गठन करते हुए, वन विभाग, पंचायत एवं नगरीय विभागों से अपने स्तर पर सतत निगरानी करने का निर्देश दिया गया है। वहीं पशु चिकित्सा विभाग ने आम जनों से आह्वान किया है कि यदि उनके क्षेत्र में पक्षियों में अकारण अधिक संख्या में असामान्य मृत्यु की कोई जानकारी संज्ञान में आती है तो तत्काल अपने नजदीकी पशु चिकित्सा संस्थान में सूचित करें।

पति को बचाने की कोशिश में उखड़ी पत्नी की बांह

दल से भटके दंतैल ने अलग-अलग गांवों में ली दो ग्रामीणों की जान, तीसरा गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अम्बिकापुर

बीती रात दल से अलग होकर अकेले घूम रहे दंतैल ने जमकर उत्पात मचाया। दंतैल ने अलग-अलग स्थानों पर हमला कर दो ग्रामीणों की जान ले ली। ग्राम फुलवार में दंतैल ने दम्पती पर हमला कर महिला का बायां हाथ उखाड़ दिया वही मंगलवार को तड़के ग्राम रामपुर में महुआ बीनने गए कमिश्नर कार्यालय के प्यून को पटककर जान ले ली।

खास बात
- ग्राम फुलवार एवं रामपुर की घटना, ग्रामीण भयभीत

सोमवार की शाम ग्राम फुलवार निवासी उस्मान खान (42वर्ष) गांव से सटे अपने खेत में लगी गेंहू की फसल की कटाई कर रहा था। पति को घंटों अकेले खेत में काम करते देख पत्नी अस्मिना खातुन (38वर्ष) सायं 6.30 बजे उसे बुलाने पहुंची। इस दौरान अचानक एक दंतैल पहुंचा तथा उस्मान पर पीछे से हमला कर दिया। उसने उस्मान को अपने सूंड में लपेटकर पटक दिया। दंतैल उस्मान को कुचलता इसके पूर्व पत्नी अस्मीना शोर मचाने लगी। अस्मीना के शोर मचाने पर दंतैल ने उस्मान को छोड़ दिया तथा अस्मीना को सुंड में लपेटकर पटक दिया। अस्मीना को पटकने के बाद दंतैल ने उसके बाएं हाथ को सुंड से पकड़कर खींच दिया जिससे उसका हाथ शरीर से अलग हो गया। इस दौरान घटनास्थल पर पहुंचे ग्रामीणों ने शोर मचाया तो दंतैल वहां से भागा। हाथी के हमले से गंभीर अस्मीना को लहुलुहान एवं तेजी से हो रहे रक्तश्राव को देख ग्रामीण घबरा गए तथा हमले में गंभीर रूप से घायल दम्पती को तत्काल रामानुजगंज अस्पताल ले गए। दोनों घायलों की गंभीर हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर कर दिया। परिजन ने घायल दम्पती को मिशन अस्पताल में भर्ती कराया था जहां उपचार के दौरान रात्रि 12.40 बजे उस्मीना की मौत हो गई जबकि गंभीर रूप से घायल उस्मान का उपचार जारी है। मृतिका के पुत्र अकबर अली ने बताया कि घटना की सूचना तत्काल वन अधिकारियों को दी गई थी लेकिन समय पर वन अमला नहीं पहुंचा।

दोनों मृतक के परिजन को सहायता राशि देते वन अधिकारी।

रामपुर में प्यून की ली जान

इधर विकासखण्ड राजपुर अंतर्गत ग्राम जिगड़ी निवासी दुर्गा प्रसाद (45वर्ष) विकासखण्ड रामचंद्रपुर अंतर्गत ग्राम रामपुर स्थित अपनी खेती देखने पहुंचा था। मंगलवार को तड़के 3 बजे वह अपने खेत में महुआ बिनने पहुंचा था। इधर दंतैल रातोरात ग्राम फुलवार से रामपुर पहुंच गया था। दुर्गा प्रसाद को गांव में दंतैल के मौजूद होने की जानकारी नहीं थी। इस दौरान दंतैल ने रामप्रसाद को अपने सुंड में लपेटकर पटक कर कुचल दिया जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। रामप्रसाद संभागायुक्त कार्यालय में प्यूल है। सुबह ग्रामीणों को दंतैल के हमले में रामप्रसाद की मौत होने की जानकारी लगी तो ग्रामीणों ने वन अधिकारियों को सूचना दी। वन परिक्षेत्राधिकारी संतोष पाण्डेय ने मृतकों के परिजन को 25-25 हजार की सहायता राशि प्रदान की।

आक्रोशित ग्रामीणों ने किया चक्का जाम

दंतैल के हमले में दो लोगों की मौत होने से आक्रोशित ग्रामीणों ने मंगलवार को सुबह ग्राम छतवा स्थित डिप्टी रेंजर कार्यालय के समक्ष चक्काजाम कर विरोध जताया। ग्रामीणों ने हाथियों से सुरक्षा के उपाय करने, हाथियों की निगरानी करने एवं समय पर हाथियों के मौजूदगी की जानकारी देने की मांग की। सूचना पर पहुंचे एसडीओ पी बाजीलाल सिंह एवं वन परिक्षेत्राधिकारी संतोष पाण्डेय ने समझाइश देकर ग्रामीणों को शांत करा चक्काजाम को खत्म कराया।

छतवा जंगल में 10 हाथी

वन परिक्षेत्र रामानुजगंज अंतर्गत छतवा जंगल में 10 हाथियों का दल विचरण कर रहा है। हाथियों की मौजूदगी से क्षेत्र के ग्रामीण हरे हुए है। महुआ का सीजन होने के कारण ग्रामीण तड़के अपने घरों से निकल जाते हैं। ऐसे में हमेशा हाथियों से सामना होने का भय बना रहता है।

की जाती है निगरानी

हाथियों की नियमित निगरानी की जा रही है साथ ही प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीणों को भी मुनादी करा सूचना दी जा रही है। दोनों मृतकों के परिजन को 25-25 हजार की तात्कालिक सहायता राशि प्रदान की गई है।

-संतोष पाण्डेय
परिक्षेत्राधिकारी रामानुजगंज

नगर निगम के सप्लाई वाले पानी में निकला कीड़ा, महिला ने की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अम्बिकापुर

शहर में अमृत मिशन के तहत किए जा रहे पानी सप्लाई में कीड़ा निकलने की शिकायत आई है। शहर के सहेली गली में रहने वाली महिला ने इस मामले की शिकायत महापौर और ननि के जल प्रदाय शाखा के प्रभारी से की है। पानी में कीड़ा निकलने की सूचना के बाद नगर निगम की टीम द्वारा पानी का सैम्पल लिया गया है। निगम ने महिला के घर पानी में अशुद्धि या कीड़ा मिलने से इनकार किया है।

- सहेली गली का मामला, निगम ने लिया पानी का सैम्पल

बताया जा रहा है कि शहर के केदारपुर सहेली गली निवासी साधना मिश्रा के घर में 31 मार्च की शाम पेयजल सप्लाई के दौरान पानी से पीड़ा निकला था। पानी से कीड़ा निकलने के बाद महिला ने इस घटना की शिकायत जल प्रदाय शाखा के प्रभारी एमआईसी सदस्य जितेन्द्र सोनी से की थी जिसके बाद सोमवार को ही नगर निगम की टीम द्वारा पानी सप्लाई का सैम्पल लेने के साथ ही पाइप लाइन की जांच की गई। अब तक की जांच में कहीं से भी पानी के पाइप लाइन में लीकेज की बात सामने नहीं आई है। यही कारण है मंगलवार को फिर से पानी का सैम्पल लिया गया है। इधर पानी में कीड़ा मिलने से महिला में नाराजगी है और उनका कहना है कि क्षेत्र में लोग बीमार पड़ रहे है। इस घटना के बाद नगर निगम में हड़कंप मच गया है। इधर इस मामले में नगर निगम प्रशासन का भी पक्ष सामने आया है। निगम आयुक्त के अनुसार निकाय क्षेत्र में 2 फिल्टर प्लांट एवं 17 नग उच्च स्तरीय जलागारों के माध्यम से पेयजल की आपूर्ति की जाती है। निकाय के द्वारा दोनों जल शोधन संयंत्रों से 10-10 सेम्पल एवं अलग-अलग टंकियों से जुड़े हुए क्षेत्रों पर कुल 18 सेम्पल एकत्रित कर जल का परीक्षण प्रतिदिन नियमित रूप से किया जाता है, जिसमें किसी भी प्रकार की अशुद्धि एवं गंदे पानी की शिकायत प्राप्त नहीं हुयी है। वार्ड क्रमांक 19 में जल में अशुद्धियों के शिकायत की जांच जल प्रदाय शाखा के अधिकारी-कर्मचारी द्वारा की गई। शिकायतकर्ता के घर से लिये गये पानी में किसी भी प्रकार की अशुद्धि या कीड़ा नहीं नहीं मिला। वहीं शिकायतकर्ता के घर के आसपास के घरों से पानी का सेम्पल एकत्रित कर जांच हेतु जल परीक्षण प्रयोगशाला में भेजा गया है जिसकी रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

कराई जा रही है जांच

पानी में कीड़ा मिलने की जानकारी मिली है। पानी का सैम्पल लिया गया है और पाइप लाइन की जांच भी कराई गई है। संबंधित अधिकारियों को पेयजल सप्लाई को लेकर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए है।

-श्रीमती मंजूषा भगत, महापौर

नदी किनारे कपड़े में लिपटा मिला नवजात, मेडिकल कॉलेज अस्पताल में तोड़ा दम

अम्बिकापुर। नदी किनारे 7 घंटे का नवजात मिलने से गांव में सनसनी का माहौल निर्मित हो गया। गांव के लोगों ने नवजात को बगीचा अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने नवजात की हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां नवजात ने दम तोड़ दिया। अंदेशा है कि जन्म के बाद ही नवजात को कपड़े में लपेट कर नदी किनारे झाड़ियों में फेंक दिया गया था। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है। बगीचा थाना अंतर्गत गम्हरिया निवासी उदय नायक आ. वीर साय राम (31 वर्ष) ने पुलिस को बताया कि 30 मार्च की सुबह रजपुरी नदी में अकेले पैर हाथ धोने तथा फ्रेश होने जा रहा था। जैसे ही हाई स्कूल के समीप पहुंचा तभी स्कूली बच्चों ने बुलाकर बताया कि नदी किनारे झाड़ियों में एक जिंदा नवजात कपड़े में लिपटा हुआ पड़ा हुआ है। उदय नायक ने मौके पर जाकर देखा तो नवजात साड़ी में लिपटा हुआ था जिसे देख वार्ड पार्षद सहित अन्य लोगों और पुलिस को सूचना दी। मौके पर गांव के लोगों के आने पर 7 घंटे 15 मिनट के नवजात को बगीचा अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने नवजात की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। जहां आज सुबह उपचार के दौरान नवजात की मौत हो गई। इधर पुलिस ने मामले में मर्ग कायम करने के पश्चात अग्रिम कार्रवाई के लिए डायरी संबंधित थाना भेजने की तैयारी में जुट गई है।

मेगा शॉप का ताला तोड़कर चोरों ने पार की साढ़े तीन लाख की नकदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अम्बिकापुर

शहर के मेगा शॉप का ताला तोडकर चोरी की वारदत को अंजाम दिया गया है। नकाबपोश चोरों ने दुकान के शटर का ताला तोडकर लगभग साढ़े तील लाख रूपए नगदी की चोरी कर ली। चोरी की घटना सीसीटीवी में कैद हुई है जिसमें दो चोर वारदात को अंजाम देते नजर आ रहे है। बीच चौक के समीप मौजूद दुकान का शटर तोड़े जाने को लेकर पुलिस की कार्यशैली भी सवालों के घेरे में आ गई है। फिलहाल पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

- सीसीटीवी में कैद हुए दो नकाबपोश चोर

बता दें कि शहर के अम्बेडकर चौक पर मेगा शॉप संचालित है। सोमवार की रात लगभग 10.40 बजे कर्मचारी मेगा शॉप को बंदकर चले गए थे। मंगलवार की सुबह 9.30 बजे जब कर्मचारी दुकान पहुंचे तो मेगा शॉप के शटर के ताले टूटे हुए थे। ऐसे में मेगा शॉप के स्टोर मैनजेर रोहित प्रताप सिंह ने मामले की शिकायत पुलिस से की। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस की टीम दुकान में पहुंची तो दुकान का ताला टूटा हुआ था इसके अंदर ही मेगा शॉप के तिजोरी का भी ताला तोड़ लिया। आरोपी दुकान से नगदी साढ़े तीन लाख रूपए की चोरी कर ली। चोरी की घटना सीसीटीवी में कैद हुई है जिसमें दो नकाबपोश चोर दुकान के शटर के साथ ही अंदर तिजोरी का ताला तोड़ते नजर आ रहे है। स्टोर मैनेजर के अनुसार शनिवार, रविवार के साथ ही सोमवार को बैंक बंद रहने के कारण मेगा शॉप में हुई बिक्री के बाद रुपयों को बैंक में जमा नहीं कराया गया था और यही वजह है कि शॉप में बड़ी रकम पर चोरों ने हाथ साफ़ किया है। हालांकी चोर दुकान से कुछ सामान भी लेकर गए है या नहीं इसकी पुष्टि सामग्रियों के मिलाने के बाद हो पाएगी। मामले में पुलिस द्वारा फोरेंसिक टीम की मदद से जांच की जा रही है लेकिन बड़ा सवाल यही है कि शहर के प्रमुख और व्यवस्त चौक पर स्थित मेगा शॉप में चोरों ने वारदात को अंजाम दिया है।

मारपीट के बाद आरोपियों को भागने में दोस्त ने की मदद

अंबिकापुर। सडक दुर्घटना के बाद ट्रांसपोर्टर से की गई बर्बरतापूर्वक मारपीट व हत्या के प्रयास के मामले में पुलिस को अब तक सफलता नहीं मिल पाई है। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है। इस बीच बड़ी जानकारी निकलकर सामने आई है। पुलिस के अनुसार आरोपी अपने पूरे परिवार के साथ फरार हुआ है और भागने के दौरान उनके मित्रों ने सहयोग करते हुए अपनी कार उपलब्ध कराई।

- बिलासपुर में रुके बहन के घर, पुलिस कर रही आरोपियों की तलाश

बता दें कि 28 मार्च को रात 10.15 बजे रिंग रोड शिवधारी कालोनी के समीप कार और थार के बीच हुई भिडंत के बाद सूरजपुर निवासी थार चालक संजय सिंह के साथ मारपीट का मामला सामने आया था। मामूली सड़क दुर्घटना को लेकर मारपीट से जुड़ा वीडियो सामने आया जिसमें कार चालक वसीम कुरैशी, मोनू कुरैशी व अन्य लोगों द्वारा संजय सिंह पर जानलेवा हमला किया गया। मारपीट के वीडियो को देखर क्षत्रिय समाज के साथ ही हिन्दू समाज के लोगों में आक्रोश का माहौल है और लगातार आरोपियों की गिरफ्तारी, उनपर हत्या के प्रयास, मोब लिंचिंग की धाराएं जोड़ने की मांग चल रही है। इस घटना को लेकर एसपी कार्यालय का घेराव करने के साथ ही घटना स्थल पर धरना प्रदर्शन किया गया। घटना को लेकर पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े हुए जिसके बाद गांधीनगर पुलिस मामले में आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 296, 351(3), 115(2), 3(5), 109(1) के तहत अपराध दर्ज किया है और आरोपियों की तलाश जारी है। इधर भाजपा के प्रतिनिधि मंडल ने डिप्टी सीएम व गृह मंत्री से मुलाकात कर कार्रवाई की मांग की। इसके साथ ही मामले में पुलिस का बयान सामने आया है। पुलिस के अनुसार आरोपी वसीम फिरोज और वसीम कुरैशी, अपने माता-पिता के साथ, हादसे के बाद अंबिकापुर ▶▶ शेष पेज 4 पर

नहाय खाय के साथ शुरू हुआ चैत्र छठ, 3 को पहला अर्घ्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अम्बिकापुर

चैत्र नवरात्र के अवसर पर चैत्र छठ का पर्व भी मंगलवार से शुरू हो गया। नहाय खाय के साथ ही व्रतियों ने चैत्र छठ की शुरुआत की। इसके साथ ही आयोजन समिति द्वारा भी छठ पर्व को लेकर तैयारियां का जायजा लिया गया। चैत्र छठ के तहत व्रती महिलाएं 3 अप्रैल की शाम अस्ताचल सूर्य को पहला अर्घ्य देंगी। छठ पूजा को लेकर शंकरघाट स्थित छठ घाट के साथ ही श्याम घुनघुट्टा छठ घाट में तैयारियां जारी है।

- घुनघुट्टा श्याम सेवा समिति ने तैयारियों का लिया जायजा

बता दें कि शारदीय छठ के साथ ही अब चैत्र छठ करने वाले व्रतियों की संख्या में तेजी से इजाफा हो रहा है। भीषण गर्मी के मौसम में होने वाले छठ पूजा में बड़ी संख्या में श्रधालुओं द्वारा कठिन व्रत रखकर अपने व परिवार की सुख समृद्धि के लिए कामना की जाती है। चैत्र छठ में व्रतियों की बढती संख्या को लेकर छठ पूजन समितियों द्वारा भी व्यापक पैमाने पर तैयारियां की जाती है। छठ पूजा को लेकर घुनघुट्टा श्याम सेवा समिति करजी सोहगा द्वारा भी मगंलवार को तैयारियों के सम्बन्ध में बैठक का आयोजन किया गया। 1 अप्रैल से ही घुनघुट्टा छठ घाट पर घाट निर्माण और साफ सफाई का कार्य शुरू कर दिया गया है। इसके साथ ही घाट पर रात में रुकने वाले व्रतियों के लिए विशेष व्यवस्था की जा रही है। इसके साथ ही शहर के शंकरघाट स्थित छठ घाट पर भी छठ पूजन को लेकर तैयारियां जोर शोर से चल रही है। घुनघुट्टा श्याम सेवा समिति के संरक्षक पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष राकेश गुप्ता ने बताया कि 1 अप्रैल से नहाय खाय के साथ चैत्र छठ की शुरुआत हो गई है। 2 अप्रैल को व्रती घाट बंधान व खीर भोजन के बाद कठिन व्रत की शुरुआत करेंगे। 3 अप्रैल की शाम अस्ताचल सूर्य को पहला अर्घ्य दिया जाएगा जबकि 4 अप्रैल को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही छठ पर्व का समापन होगा। घुनघुट्टा श्याम सेवा समिति की बैठक में अध्यक्ष रामकुमार गुप्ता, प्रेम कुशवाहा, नारद गुप्ता, संजू कश्यप, उत्तम राजवाड़े, गीता प्रसाद, शशि पांडे, शुभम कुशवाहा, मुकेश गिरी, राज कश्यप अभय, आशीष कुशवाहा, राकेश सोनी, अनिल राजवाड़े, प्रकाश सोनी, संदीप गुप्ता, विकास कश्यप मौजूद रहे।

खबर संक्षेप

मौसम में बदलाव शाम को छाए बादल

सोनहत। 1 अप्रैल को विकासखंड़ स्तर पर सुबह से दोपहर तक तेज धूप के बाद मौसम में हल्का बदलाव जारी होता नजर आया, जो शाम होते लगभग 5 बजे के बाद से आसमान बादल छाए रहे। हालांकि मौसम में गर्मी दिनभर बनी रही, फिर भी शाम के समय मौसम करवटी तेवर से आने वाले दिनों में बारिश पानी के आसार नजर आने लगे हैं।

वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन आज से

चरचा कॉलरी। श्रमवीर स्टेडियम चरचा कॉलरी में स्व. अमर साय स्मृति अखिल भारतीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन 2 से 4 अप्रैल तक किया जाएगा। यह तीन दिवसीय प्रतियोगिता प्रतिदिन शाम 6 बजे से शुरू होगी। प्रतियोगिता का उद्देश्य वॉलीबॉल खेल को बढ़ावा देना और युवाओं को इस खेल में आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करना है। प्रतियोगिता में राज्य की विभिन्न टीमें भाग लेंगी, इससे यह एक क्षेत्रीय स्तर की प्रतिस्पर्धा होगी। आयोजन एसईसीएल बैकुंठपुर क्षेत्र के चरचा माइन आरओ सहक्षेत्र प्रबंधक जितेन्द्र कुमार के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। आयोजन समिति में अध्यक्ष खान प्रबंधक सिमरजीत सिंह, उपाध्यक्ष महेश कुमार, रवि मरीक, सचिव जितेन्द्र श्रीवास्तव, सह सचिव नरेन्द्र सिंह, आजाद सिंह एवं कोषाध्यक्ष भूदेव प्रसाद शामिल हैं। प्रतियोगिता का उद्घाटन 2 अप्रैल को होगा, जबकि 4 अप्रैल को समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया जाएगा। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि नगर पालिका शिवपुर चरचा के अध्यक्ष अरूण जायसवाल होंगे, वहीं विशिष्ट अतिथि नपा उपाध्यक्ष राजेश सिंह रहेंगे। इस प्रतियोगिता में विजेता टीम को 51,000 और उपविजेता टीम को 31,000 का नकद पुरस्कार दिया जाएगा।

कॉलेज में एकल गायन प्रतियोगिता का आयोजन

मनेन्द्रगढ़। डॉ.आरएनएस शिक्षा महाविद्यालय में एकल गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आयोजन में प्रदेशाध्यक्ष एनएसयूआई नीरज पाण्डेय के मुख्य आतिथ्य, प्रवक्ता जिला कांग्रेस कमेटी सौरभ मिश्रा के विशिष्ट आतिथ्य में किया गया। इस मौके पर एनएसयूआई जिलाध्यक्ष कासीम अंसारी विशेष रूप से मौजूद रहे। डॉ.आरएनएस शिक्षा महाविद्यालय में एकल गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के अध्यक्ष राजेश शर्मा, संकेत शर्मा, रतीन शर्मा, प्राचार्या एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में महाविद्यालय के प्रशिक्षार्थियों ने अपनी शानदार गायन प्रस्तुति से कार्यक्रम को यादगार बना दिया। विशेष रूप से रतीन शर्मा के गीत ने समस्त वातावरण को संगीतमय बना दिया। प्रतियोगिता का उद्देश्य प्रशिक्षार्थियों में आत्मविश्वास बढ़ाना, मंच प्रदर्शन कौशल को विकसित करना और उनकी सांस्कृतिक प्रतिभा को प्रकट करने का था। आयोजन के दौरान अतिथियों ने प्रशिक्षार्थियों के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम के समापन पर संकेत शर्मा ने आभार प्रदर्शन किया। इस आयोजन ने महाविद्यालय में सांस्कृतिक समृद्धि को बढ़ावा देने के साथ-साथ प्रतिभाओं को पहचानने का एक महत्वपूर्ण अवसर प्रदान किया।

जुआ खेल रहे 7 युवकों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

मनेन्द्रगढ़। कोतवाली प्रभारी मनेन्द्रगढ़ ने मुखबीर की सूचना पर मौहारपारा इलाके में छापामारा और जुआ खेल रहे 7 युवकों को रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के पास से 84,000 रूपए नगद, ताश की पत्ती, चादर और तीन मोटरसाइकिलें जब्त की हैं। मौहारपारा इलाके में जुआ खेलने की जानकारी स्थानीय लोगों से मिलने के बाद कोतवाली प्रभारी मनेन्द्रगढ़ ने टीम गठित कर मौके पर पहुंच कार्रवाई की। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है और उनसे पूछताछ की जा रही है। यह कार्रवाई क्षेत्रीय पुलिस प्रशासन की अवैध गतिविधियों पर कड़ी निगरानी और नियंत्रण के प्रयासों का हिस्सा है। पुलिस ने स्थानीय निवासियों से अपील की है कि वे इस तरह की अवैध गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

एक किमी इन्फेक्टेड और 10 किमी सर्विलेन्स जोन घोषित, कोरिया जिले में बर्ड फ्लू की पुष्टि के बाद प्रशासन अलर्ट मोड पर

बर्ड फ्लू : 34 हजार से ज्यादा पोल्ट्री उत्पाद किए गए नष्ट, कोरिया की सीमा पर बैरियर, बढ़ी निगरानी

शासकीय पोल्ट्री जहां बर्ड फ्लू फैला।

पीपी किट पहनकर पक्षियों समेत पोल्ट्री उत्पादों को किया गया नष्ट।

प्रेसवार्ता को संबोधित करती कलेक्टर चंदन त्रिपाठी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जिला मुख्यालय बैकुंठपुर स्थित शासकीय कुक्कुट पालन प्रक्षेत्र में बर्ड फ्लू (एवियन एन्फ्लुएन्जा) की पुष्टि होते ही प्रशासन सतर्क हो गया है। जिला प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक किमी की परिधि को इन्फेक्टेड जोन और 10 किमी की परिधि को सर्विलेन्स जोन घोषित कर दिया है।

- पोल्ट्री उत्पादों की खरीद-बिक्री पर सख्त प्रतिबंध

मंगलवार की सुबह 10:45 बजे कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि बर्ड फ्लू संक्रमण को नियंत्रित करने के लिए इन्फेक्टेड जोन में पोल्ट्री उत्पादों की आवाजाही पूर्णतः प्रतिबंधित कर दी गई है। वहीं सर्विलेन्स जोन में मुर्गा, अंडा और अन्य पोल्ट्री उत्पादों के बाजार एवं दुकानों को बंद कर दिया गया है, इसके अलावा डोर-टू-डोर डिलीवरी पर भीसख्त रोक लगा दी गई है।

नेता प्रतिपक्ष ने कलेक्टर को लिखा था पत्र

नगर पालिका की नेता प्रतिपक्ष श्रीमती अन्नपूर्णा प्रभाकर सिंह ने पूर्व में अधिकारियों का ध्यानाकर्षण कराया था। उन्होंने बताया था कि पोल्ट्री फार्म की वजह से क्षेत्र में मक्खियों का प्रकोप बना है तथा दुर्गंध फैली रहती है।

इस कारण लोगों की सेहत पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 16 में स्थित मुर्गी फार्म (हेचरी) अब नगरवासियों के लिए गंभीर संकट बन चुका है। यह फार्म धार्मिक स्थलों, विद्यालयों, गार्डन और रिहायशी इलाकों के बीच स्थित हैं, जहां से उठने वाली दुर्गंध, गंदगी और जहरीली हवा आम नागरिकों के स्वास्थ्य के लिए घातक साबित हो रही है। इस समस्या को लेकर नगर पालिका की नेता प्रतिपक्ष श्रीमती सिंह कई बार प्रशासन को पत्राचार कर चुकी हैं, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं हो सका है।

कलेक्टर ने रात में बुलाई आपातकालीन बैठक

जिले के प्रेमाबाग स्थित शासकीय कुक्कुट पालन केन्द्र में बर्ड फ्लू (एचफाइपएनवन) संक्रमण की पुष्टि होने के बाद कलेक्टर कैंप ऑफिस में आपातकालीन बैठक आयोजित की गई। इसमें कलेक्टर चंदन त्रिपाठी, एसपी रवि कुर्रे, सीईओ आशुतोष चतुर्वेदी, एडीएम अरुण मरकाम, एसडीएम दीपिका नेताम, सीएमएचओ प्रशांत सिंह, सीएमओ संजय दुबे और वेटरिनरी विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान भारत सरकार के मानकों के अनुसार सूर्योदय से पूर्व सभी संक्रमित पक्षियों, चूजों और अंडों का विनष्टीकरण किए जाने की

रणनीति तैयार की गई। वहीं कलेक्टर के निर्देशानुसार पशु चिकित्सा विभाग ने 5 रैपिड रिस्पॉन्स टीम गठित की हैं, जो प्रभावित क्षेत्र में त्वरित कार्रवाई करेंगी, इसके साथ ही, स्वास्थ्य विभाग ने डोर-टू-डोर सर्वे के लिए 5 टीमों का गठन किया है, जो संक्रमित क्षेत्र में लोगों की जांच करेगी और आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करेगी।

हेचरी को हटाने विस में ध्यानाकर्षण

शहर के बीच स्थित हेचरी को हटाने की मांग वैसे तो बीते कई वर्षों से की जाती रही है। आम जनता के साथ कई जनप्रतिनिधियों ने भी हेचरी को शहर क्षेत्र से हटाए जाने की मांग को लेकर शिकायते प्रशासन को दी थी। इस दौरान कई कलेक्टर बदल गए, लेकिन हेचरी वहीं की वहीं है। जानकारी के अनुसार शहर क्षेत्र में स्थित हेचरी को हटाने के लिए बैकुण्ठपुर विधायक भईयालाल राजवाडे ने विधानसभा के दोनों सत्रों में ध्यानाकर्षण लाया गया। विधायक श्री राजवाड़े ने ध्यानाकर्षण प्रश्न में उल्लेख किया कि रहवासी क्षेत्र में हेचरी स्थित है एवं प्रेमाबाग मंदिर परिसर एवं कॉलोनी है, हेचरी के दुर्गंध से लोगों को कई तरह की परेशानियों से जूझना पड़ता है।

इन्फेक्टेड जोन में पक्षियों का कलिंग सर्विलेंस और सेनेटाइजेशन

जिला मुख्यालय स्थित शासकीय कुक्कुट पालन प्रक्षेत्र में बर्ड फ्लू (एचफाइपएनवन) के मामले की पुष्टि के बाद, शासकीय कुक्कुट पालन प्रक्षेत्र बैकुंठपुर के एक किलोमीटर की परिधि को इन्फेक्टेड जोन और एक से 10 किमी की परिधि को सर्विलेंस जोन के रूप में तीन माह के लिए घोषित कर दिया गया है। संचालनालय पशु चिकित्सा सेवाएं छग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार भारत सरकार के एवियन इन्फ्लूएंजा एक्शन प्लान के तहत कार्रवाई की जा रही है। जिला प्रशासन और जिला पशु चिकित्सा सेवाओं के समन्वय से जिला कलेक्टर इस मुद्दे पर लगातार कार्रवाई कर रहे हैं और इस दिशा में लगातार नजर रखे हुए हैं। इन्फेक्टेड जोन में पक्षियों का कलिंग, सर्विलेंस और सेनेटाइजेशन कार्य चल रहा है। साथ ही प्रभावित क्षेत्र के पशुपालकों और किसानों के पक्षियों, अंडों और पोल्ट्री आहार के विनिष्टिकरण के बाद उन्हें भारत सरकार द्वारा निर्धारित मुआवजा राशि दी जाएगी। भारत सरकार ने एवियन इन्फ्लूएंजा के नियंत्रण के लिए पोल्ट्री पक्षियों को जबरन मारने, अंडों और पोल्ट्री फीड को नष्ट करने के लिए मुआवजे की दर तय की हुई है। इन दरों के अनुसार, पोल्ट्री पक्षियों की विभिन्न प्रजातियों और उनकी आयु के आधार पर मुआवजे की राशि निर्धारित की गई है। उदाहरण स्वरूप, 8 सप्ताह तक के लेयर चूजों को 40 रूपए का मुआवजा मिलेगा, जबकि 8 सप्ताह से अधिक उम्र के लेयर पक्षियों के लिए 140 रूपए मुआवजा निर्धारित किया गया है, वहीं 4 सप्ताह तक के बॉयलर को 35 रूपए का मुआवजा मिलेगा, जबकि 4 सप्ताह से अधिक उम्र के बॉयलर के लिए 120 रूपए दिया जाएगा। 8 सप्ताह तक के बेकयार्ड पोल्ट्री बड्र्स को 35 रूपए का मुआवजा मिलेगा, जबकि 8 सप्ताह से अधिक उम्र के बेकयार्ड पोल्ट्री बड्र्स के लिए 150 रूपए दर निर्धारित किया गया है, जबकि 8 सप्ताह तक के टर्की को 60 रूपए का मुआवजा मिलेगा, जबकि 8 सप्ताह से अधिक उम्र के टर्की के लिए 350 रूपए दर के हिसाब से मुआवजा दिया जाएगा। इसी तरह 5 सप्ताह तक के बटेर को 20 रूपए का मुआवजा मिलेगा, जबकि 5 सप्ताह से अधिक उम्र के बटेर के लिए 40 रूपए दर निर्धारित किया गया है, इससे पोल्ट्री किसानों को एवियन इन्फ्लूएंजा के प्रभावी नियंत्रण और उनके नुकसान की भरपाई करने में मदद करेगा और वित्तीय सुरक्षा प्रदान करेगा।

स्वच्छता दीदी ने कुएं में कूदकर दी जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरचा कॉलरी

नगर पालिका शिवपुर चरचा के वार्ड क्रमांक 9 घुटरी दफाई में डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन करने वाली एक महिला ने अज्ञात कारणों से कुएं में कूदकर अपनी जान दे दी।

घटना रात करीब 8 बजे की बताई जा रही है, जब 30 वर्षीय महिला बुधनी अपने घर से कुछ दूर स्थित कुएं में कूद गई। आवाज सुनकर स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक महिला की मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलते ही चरचा पुलिस मौके पर

मृत महिला।

पहुंची और पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी उपनिरीक्षक प्रमोद पाण्डेय ने बताया कि पुलिस मामले की जांच शुरू कर दी है और घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

टूटा दुख का पहाड़

बुधनी अपने परिवार की एकमात्र कमाने वाली सदस्य थी। उसकी मौत के बाद परिवार की आर्थिक स्थिति गंभीर रूप से प्रभावित हो गई है। परिवार के सदस्यों ने बताया कि बुधनी कठिन परिश्रम कर अपने घर का खर्च चलाती थी, लेकिन अब उनके सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि मृतका के परिवार को आर्थिक सहायता दी जाए, ताकि उनके गुजर-बसर की कोई व्यवस्था हो सके। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है और आगे की कार्रवाई जारी है।

कलेक्टर जनदर्शन में 43 आवेदन मिले

मनेन्द्रगढ़। कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के मार्गदर्शन पर अपर कलेक्टर अनिल कुमार सिदार ने मंगलवार को जनदर्शन के माध्यम से आम नागरिकों की समस्याएं सुनी। जिले के नागरिकों ने जनदर्शन में अपनी समस्याओं को सीधे अपर कलेक्टर के समक्ष रखा। जिसका जिला प्रशासन द्वारा तेजी से निराकरण करने का प्रयास किया जा रहा है। अपर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। जनदर्शन में 1 अप्रैल को कुल 43 आवेदन प्राप्त हुए।

राजस्व प्रकरण और पेयजल समस्याओं का करें समाधान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुण्ठपुर

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी मंगलवार को समय-सीमा की बैठक ली। बैठक में जिले के विभिन्न विभागों की कार्यप्रणाली की समीक्षा की। इस बैठक में स्वास्थ्य, खाद्य, शिक्षा और जल व्यवस्था से संबंधित कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई और अधिकारियों को इन समस्याओं के समाधान के लिए दिशा-निर्देश दिए गए।

- पात्र हितग्राहियों का शीघ्र बनाएं आयुष्मान कार्ड

कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने स्वास्थ्य विभाग से संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी पात्र नागरिकों का आयुष्मान कार्ड समय-सीमा में बनवाया जाए, ताकि उन्हें चिकित्सा सुविधाएं समय पर मिल सकें। इसके साथ ही 70 वर्ष और उससे ऊपर के सभी नागरिकों को आयुष्मान वय वंदना कार्ड भी उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने यह भी सुनिश्चित करने के लिए कहा कि सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में पर्याप्त पानी और निर्बाध बिजली व्यवस्था बनी रहे। फूड विभाग से संबंधित कार्यो की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने विशेष रूप से दूरस्थ क्षेत्रों में राशन वितरण को नियमित और समय पर सुनिश्चित करने का आदेश दिया। आंगनबाड़ी केन्द्रों में गर्भवती और शिशुवती महिलाओं को पोषण आहार की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए भी निर्देश दिए गए। गर्मी को देखते हुए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी को पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। राजस्व विभाग के अधिकारियों को कलेक्टर ने विशेष निर्देश दिए कि सभी राजस्व प्रकरणों जैसे बंटवारा, नामांतरण और सीमांकन का त्वरित समाधान किया जाए। इसके अलावा जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए गए कि विद्यार्थियों के जाति, निवास और आय प्रमाण पत्र शीघ्र बनवाए जाएं साथ ही अपूर्ण दस्तावेज प्राप्त होने पर आवेदक को सूचना देने तथा समाधान करने के निर्देश दिए।

बैठक लेती कलेक्टर।

प्रत्येक जीवों के लिए हवा, पानी महत्वपूर्ण

कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने जल संरक्षण के तहत आवा पानी झोंकी अभियान को जनभागीदारी के साथ चलाने की बात की। उन्होंने जिले वासियों से अपील की कि वे पानी बचाने के प्रयासों में योगदान करें और बेवजह पानी न बहाएं। विदित हो कि नारी शक्ति से जल शक्ति अभियान के तहत जिले के ग्राम पंचायत पोटेडांड़ एवं डोहड़ा में विगत दिनों आवा पानी झोंकी यानी आओ मिलकर पानी रोके। इस अभियान के तहत बरसाती पानी को रोकने के लिए ग्रामीणों के साथ चौपाल लगाकर कलेक्टर, सीईओ व विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने पानी रोकने के बारे में विस्तार से जानकारी दी थी। कलेक्टर ने कहा कि जिस तरह प्रत्येक जीव के लिए हवा महत्व है, उसी तरह पानी की भी जरूरत है, इसलिए पानी को रोकना होगा, बचाना होगा, भूजल स्तर को बढ़ाना होगा।

बिछिया टोला समेत कई जगहों पर प्रशासन की दबिश

बैकुंठपुर। एमसीबी जिले के अंतर्गत ग्राम पंचायत बिछिया टोला में खनिज विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। 30 मार्च को एमसीबी कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देश पर खनिज विभाग के आलाधिकारी ग्राम पंचायत बिछिया टोला पहुंचे और ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए कोयले के अवैध खनन के साथ ही अवैध पत्थर खनन और अवैध रेत खनन पर कार्रवाई की।

अवैध मुरूम खनन पर कार्रवाई में खनिज विभाग ने एक जेसीबी, एक टैक्टर, एक टिपर को जब्त किया है। एमसीबी खनिज विभाग ने बिछिया टोला अंतर्गत केवई नदी के किनारे कोयले के अवैध खनन पर कार्रवाई करते हुए 23 नग भरी बोरी की जब्त कर केल्हारी थाना में सुपुर्द किया है। एमसीबी खनिज अधिकारी दयानंद तिग्गा ने बताया कि 30 मार्च को एमसीबी कलेक्टर के निर्देश पर जिला खनिज उड़नदस्ता दल द्वारा जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के केल्हारी तहसील अंतर्गत ग्राम बिछियाटोला में बोल्डर के अवैध उत्खनन क्षेत्र का जांच किया गया। जांच में नदी के किनारे अज्ञात व्यक्ति द्वारा अवैध उत्खनन किए गए 12 घन मीटर बोल्डर को जब्त कर सरपंच ग्राम पंचायत बिछियाटोला को सुपुर्द में दिया गया है। बिछियाटोला अंतर्गत केवाई नदी से अज्ञात व्यक्ति द्वारा उत्खनन कर रखे गए 23 बोरी को जब्त कर थाना केल्हारी को सुरक्षार्थ रखने के लिए सुपुर्द में दिया गया है। बिछियाटोला अंतर्गत बरने नदी में छग को मध्यप्रदेश को जोड़ने वाले नवनिर्मित पुल के पास ठेकेदार द्वारा बिना वैध अनुमति मुरूम-मिट्टी के अवैध उत्खनन कर रहे 1 जेसीबी मशीन और 1 टिपर 1 ट्रैक्टर को जब्त किया जाकर सूरक्षार्थ थाना केल्हारी को सुपुर्द में दिया गया है।

नवीन कन्या कॉलेज की छात्राओं ने किया शैक्षणिक भ्रमण

बैकुण्ठपुर। शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय के प्राणीशास्त्र विभाग की एमएससी द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर की छात्राओं ने प्राचार्य डॉ. रंजना नीलिमा कच्छप के निर्देशन एवं विभागाध्यक्ष श्रीमती सविता पैकरा के मार्गदर्शन में अंबिकापुर में शैक्षणिक भ्रमण किया।

इस भ्रमण में सहायक प्राध्यापक विनय कुमार गुप्ता वनस्पतिशास्त्र विभाग, अनिल देव प्राणीशास्त्र विभाग एवं लैब टेक्नीशियन विपिन सिंह के संरक्षण में छात्राओं को विभिन्न शैक्षणिक एवं व्यावसायिक केन्द्रों का दौरा कराया गया। भ्रमण के तहत छात्राओं को सर्वप्रथम राजमोहिनी देवी कृषि महाविद्यालय अंबिकापुर में मधुमक्खी पालन की जानकारी दी गई। वहां के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ.पीके भगत ने छात्राओं को मधुमक्खी पालन की विधि, शहद के लाभ एवं इससे जुड़े रोजगार के अवसरों के बारे में विस्तार से बताया।

स्थापना दिवस को लेकर संयोजक सह संयोजक की नियुक्ति

बैकुण्ठपुर। भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस को लेकर प्रदेश संगठन के निर्देश पर भाजपा

जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी ने जिला एवं मंडल स्तर पर संयोजक व सह संयोजकों की नियुक्ति की है। जिलाध्यक्ष श्री तिवारी ने सभी संयोजक- सह संयोजक, जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष-महामंत्री एवं पदाधिकारी व स्थानीय जनप्रतिनिधियों से आग्रह किया है कि, 6 अप्रैल को भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस पर सभी बूथ अध्यक्षों एवं कार्यकर्ताओं से संपर्क व संवाद स्थापित कर स्थापना दिवस के आयोजन की रूप रेखा 4 अप्रैल तक तैयार कर लें। जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी ने कहा कि सभी पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि स्थापना दिवस के दिन अपने घरों पर भारतीय जनता पार्टी का ध्वज लगाएंगे एवं उत्सव पूर्वक स्थापना दिवस सभी मंडलों में मनाया जाएगा।

एकेडमिक हाइट्स व बचपन प्ले स्कूल का वार्षिकोत्सव

मनेन्द्रगढ़। नगर के प्रतिष्ठित विद्यालय एकेडमिक हाइट्स पब्लिक स्कूल एवं बचपन प्ले स्कूल का वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल उपस्थित रहे।

विशिष्ट अतिथियों में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती प्रतिमा यादव, उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र पटवा, जिला शिक्षा अधिकारी अजय मिश्रा, पंकज जैन, ओमप्रकाश कक्कड़, मायावती तेंदूडांड सरपंच सहित कई गणमान्यजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की वंदना एवं दीप प्रज्ज्वलन से हुई। विद्यालय के संचालक संजीव ताम्रकार, ज्योति ताम्रकार, आशीष कक्कड़, तोशी अग्रवाल सहित अन्य सदस्यों ने अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ भेंट कर किया। विद्यालय के विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। इनमें दहेज प्रथा, थर्ड जेंडर, वृद्ध माता-पिता के प्रति कर्तव्य, वन्यजीव संरक्षण जैसे गंभीर विषयों को मंच पर प्रभावी रूप से प्रस्तुत किया गया। ब्लाइंड एक्ट-छात्रों ने आंखों पर पट्टी बांधकर नृत्य किया, जिसने दृष्टिहीनों के संघर्षों को उजागर किया। कंचना एक चुप्पी का अंतः- थर्ड जेंडर पर आधारित इस नृत्य नाटिका को दर्शकों ने खड़े होकर सराहा और 5100 रूपए का नगद पुरस्कार प्रदान किया गया। दहेज प्रथा पर नृत्य-कक्षा पांचवी के छात्रों ने इस सामाजिक बुराई को मंच पर जीवंत किया, जिसे देखकर दर्शकों की आंखें नम हो गर्इं। वन्यजीव संरक्षण पर नाटिका-कक्षा दसवीं के विद्यार्थियों ने जंगलों के महत्व और शिकार के दुष्परिणामों को दर्शाते हुए भावनात्मक प्रस्तुति दी।

ठेकेदार की मनमानी से ग्रामीण परेशान

आदर्श गांव कटगोड़ी में गहराया जल संकट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटगोड़ी

जिले के सोनहत जनपद पंचायत अंतर्गत आदर्श ग्राम पंचायत कटगोड़ी में जल संकट गहराता जा रहा है। संबंधित विभाग की लापरवाही और ठेकेदार की मनमानी के कारण ग्रामीणों को पानी की समस्या का सामना करना पड़ रहा है।

टेंडर में 10 टैंकरों से जल आपूर्ति का प्रावधान किया गया था, लेकिन वर्तमान में केवल 2 टैंकरों से ही पानी सप्लाई किया जा रहा है, इससे पूरे गांव में लोग बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं। ग्रामवासियों का कहना है कि जब टेंडर 10 टैंकरों के लिए हुआ था, तो केवल 2 टैंकर ही क्यों चलाए जा रहे हैं। यदि पानी की आपूर्ति पूरी नहीं हो सकती, तो इन 2 टैंकरों को भी बंद कर दिया जाए। ग्रामीणों ने प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से गुहार लगाई है कि जल्द से

बाइक से पानी ले जाता युवक।

जल्द पूरा 10 टैंकर चलवाया जाए, ताकि सभी को पर्याप्त पानी मिल सके। यदि समय रहते जल संकट का समाधान नहीं हुआ, तो मजबूरन उग्र आंदोलन किया जाएगा।

खदानों से जल संकट बढ़ा

स्थानीय लोगों का कहना है कि कोयला खदानों के अधिक दोहन के कारण क्षेत्र में पानी का स्तर लगातार गिर रहा है। पानी की कमी के बावजूद एसईसीएल खदान के भीतर मात्रा में पानी व्यर्थ बहाया जा रहा है। यदि इस पानी को फिल्टर कर गांव में सप्लाई किया जाए, तो जल संकट को काफी हद तक कम किया जा सकता है,लेकिन प्रशासन और एसईसीएल प्रबंधन इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं।

प्रशासन व जनप्रतिनिधियों की चुप्पी

स्थानीय जनप्रतिनिधि और प्रशासन जल संकट की समस्या से वाकिफ होने के बावजूद कोई ठोस कदम नहीं उठा रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि अगर जल्द ही पानी की व्यवस्था नहीं की गई, तो पूरे गांव के लोग सड़क पर उतरकर धरना-प्रदर्शन करेंगे। अब देखना यह होगा कि प्रशासन कब तक इस गंभीर समस्या का समाधान करता है या फिर ग्रामीणों को आंदोलन के रास्ते पर जाना पड़ेगा।

खबर संक्षेप

पैदल जा रहे युवक को बाइक सवार ने मारी टक्कर, एक की मौत

अम्बिकापुर। चचेरा भाई के साथ जशपुर बस स्टैंड जा रहे बाइक सवार रास्ते में पैदल जा रहे युवक से टकरा गए। दुर्घटना में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। जशपुर थाना अंतर्गत ग्राम धुलमुल निवासी पवन कुमार तिवारी आ. स्व. बृजमोहन तिवारी (29 वर्ष) 26 मार्च की शाम चचेरा भाई सूर्य प्रताप तिवारी व प्रित्यम तिवारी के साथ बाइक से जशपुर बस स्टैंड जा रहे थे। जैसे ही बाइक सवार ग्राम गिरांग जशपुर मुख्य मार्ग पर पहुंचे तभी पैदल जा रहे अंकित कुजूर से टकरा गए। बाइक की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि पवन व अंकित गंभीर रूप से घायल हो गए जबकि सूर्य प्रताप व प्रित्यश को मामूली चोटें आई। घायलों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से रेफर किए जाने पर अंकित को परिजन रांची ले गए जबकि पवन को परिजन ने मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान आज सुबह उसकी मौत हो गई।

न्यायालय नायब तहसीलदार (पेटलावृत्त) सीतापुर जिला सरगुजा (छ.ग.)

रा.प्र.क्र.- /अ-6/2024-25

//ईश्तहार//

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक प्रदीप कुमार गुप्ता आ. कन्हैया गुप्ता जाति तेली निवासी ग्राम प्रतापगढ़ थाना व तहसील सीतापुर जिला सरगुजा छ.ग. के द्वारा भू-राजस्व संहिता 1959 अन्तर्गत धारा 109, 110 के तहत आवेदन प्रस्तुत कर लेख किया गया है कि वसीयतकर्ता कन्हैयालाल गुप्ता आ. रामभरोष साव के स्वत्व एवं अधिपत्य की भूमि ग्राम गुतुरमा प.ह.नं.- 14 तहसील सीतापुर जिला सरगुजा छ.ग. में खसरा नं.- 1409 रकबा 2.662 हे. भूमि स्थित है। वसीयतकर्ता कन्हैयालाल गुप्ता का मृत्यु दिनांक 27/11/2024 को हो चुकी है। वसीयतकर्ता ग्राम गुतुरमा स्थित भूमि ख.नं.- 1409 रकबा-2.662 हे. में से रकबा 1.462 हे. का वसीयतनामा दिनांक 22/4/2024 को दो गवाहों के उपस्थिति में उपपंजीयक कार्यालय सीतापुर में उपस्थित हो कर आवेदक के पक्ष में वसीयतनामा का निष्पादन कर दिया गया है। उक्त वाद भूमि को वसीयतनामा के आधार पर आवेदक के नाम से राजस्व अभिलेखों में नामांतरण किया जाने हेतु आवेदन पत्र के साथ वसीयतनामा, मृत्यु प्रमाण पत्र की छायाप्रति, बी-1 संलग्न कर प्रस्तुत कर निवेदन किया गया है।

अतः उक्त संबंध में किसी भी हितबद्ध पक्षकार को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा अपने किसी अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 16/04/2025 तक न्यायालयीन समय में पेश कर सकता है। समय-सीमा के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति स्वीकार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 26/03/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन सील मुद्रा से जारी।

नायब तहसीलदार
पेटलावृत्त

न्यायालय प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी अम्बिकापुर जिला-सरगुजा छ.ग.

उ.प्र.क्र.-10/2025
प्रो.नं.- 210/25

1. श्रीमती शारदा शर्मा पत्नि स्व. श्री अशोक शर्मा, आयु 36 वर्ष, पेशा गृहणी,
2. कु. खुशी शर्मा पुत्री स्व. श्री अशोक शर्मा, आयु 13 वर्ष (नाबालिक), पेशा-विद्यार्थी
3. कुं परी शर्मा पुत्री स्व. श्री अशोक शर्मा, आयु 11 वर्ष (नाबालिक) पेशा विद्यार्थी
4. आर्यन शर्मा आ. स्व. श्री अशोक शर्मा, आयु-07 वर्ष (नाबालिक) पेशी विद्यार्थी (आवेदक क्र. 2 से 4 अव्यस्क हेतु वलीमाता आवेदिका क्र. 1)

सभी निवासी मो. मायापुर, वार्ड क्र. 27. थाना व तह.अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ.ग.)

-------आवेदकगण

प्रति

1. शाखा प्रबंधक भारतीय जीवन बीमा निगम, शाखा अम्बिकापुर, कार्यालय पता-महामाया रोड़, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा (छ.ग.)
2. मनोज शर्मा आ. स्व. श्री फुटून शर्मा, आयु 45 वर्ष, पेशा-बढ़ई मिस्त्री, निवासी ग्राम मुंकेरी (मान्हू), छत्तरपुर थाना- छत्तरपुर, जिला-सरगुजा (छ.ग.)
3. आम जनता। -------अनावेदकगण

आवेदन अन्तर्गत धारा 372
भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम

सर्व साधारण आम जनता निवासी मो. मायापुर, वार्ड क्र. 27, थाना व तह. अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ.ग.) एवं हितबद्ध नागरिकों को सूचित किया जाता है कि आवेदिका क्रमाक 01 द्वारा भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम की धारा 372 का वाद प्रस्तुत कर अपने पति स्व. अशोक शर्मा एवं आवेदक क्रमांक 02 से 04 के पिता स्व. अशोक शर्मा की असायमिक मृत्यु दिनांक 10.01.2022 को होना बताते हुए स्व. अशोक शर्मा के द्वारा अपने अविवाहित जीवन काल में अनावेदक क्र. 1 से प्रस्ताव संख्या 8964 दिनांक 15.01.2004 द्वारा बीमा पॉलिसी संख्या 378504971 के माध्यम से जीवन बीमा पॉलिसी टर्म योजना 107-20 (15) बीमाधन 51 हजार रूपये मूल्य का लिया गया था। अनावेदक क्र. 1 से प्रश्नगत बीमा पॉलिसी के तहत देय राशि, जोखिम राशि, बोनस राशि तथा वर्तमान समय तक का देय ब्याज को प्राप्त करने हेतु उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र की मांग की गई है। आम नागरिक को ईस्तहार के द्वारा सूचित किया जाता है कि सुनवाई तिथि दिनांक 23/04/2025 को नियत है।

अतः इस ईस्तहार के माध्यम से सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि स्व. अशोक शर्मा के मृत्यु उपरांत बीमा पॉलिसी के तहत देय राशि, जोखिम राशि, बोनस राशि तथा वर्तमान समय तक का देय ब्याज को प्राप्त करने हेतु उत्तराधिकार किसी व्यक्ति या नागरिक को हो तो वह पेशी तिथि 23/04/2025 तक अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। पेशी दिनांक के पश्चात प्रस्तुत आपत्ति अमान्य होगी और आवेदिका को उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्रदान कर दिया जायेगा, यदि किसी कारण वश उस तिथि को सार्वजनिक अवकाश हो जाता है तो आगामी कार्य दिवस पर प्रकरण की सुनवाई होगी।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से आज दिनांक 24.03.2025 को जारी किया गया।।

(सुमित कुमार हर्षयाना)
न्या. प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा छ.ग.

धौरपुर प्राथमिक पाठशाला भवन की हालत दयनीय

जर्जर भवन में खतरों के बीच पढ़ाई करने मजबूर बच्चे, हो सकती है बड़ी दुर्घटना

हरिभूमि न्यूज ⏭ धौरपुर

बच्चों के उज्जवल भविष्य हो और बेहतर शिक्षा मिल सके इसके मद्देनजर शासन प्रशासन द्वारा कई योजनाएं चलाई जा रही है। बच्चों की पढाई में रूचि बढ़े इसके लिए बस्ता, कापी-किताब के अलावा अन्य संसाधन स्कूल में ही उपलब्ध कराई जाती है। स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों की सुविधा के लिए पर्याप्त व्यवस्था है परंतु बच्चे जिस भवन में पढाई करते है उस भवन की स्थिति काफी दयनीय हो गई है।कुछ इस तरह की स्थिति धौरपुर प्राथमिक पाठशाला भवन की है। स्कूल भवन न सिर्फ काफी पुरानी है बल्कि काफी जर्जर हो चुकी है। छत का प्लास्टर उखड़ कर गिरने लगी है। ऐसे में स्कूल के बच्चे जान जोखिम में डाल पढाई करने को मजबूर है। हैरानी की बात यह है कि मुख्यमंत्री जतन योजना के तहत जर्जर स्कूल भवन की मरम्मत कराई जा रही है बावजूद इसके भवन मरम्मत आज तक नहीं हो सकी जिससे जर्जर भवन में स्कूल का संचालन होने से कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है।

खास बात

- कुछ माह पूर्व भवन की कराई गई थी मरम्मत

शासकीय प्राथमिक शाला धौरपुर के शाला भवन की हालत मरम्मत के अभाव में काफी जर्जर हो चुकी है। स्कूल में आसपास क्षेत्र के कक्षा 1 से 5वीं तक के लगभग 22 बच्चे बच्चे अध्ययनरत हैं। जबकि स्कूल संचालन की जिम्मेदारी दो शिक्षक के भरोसे है। स्कूल भवन के जर्जर होने के कारण छत का प्लास्टर कई जगह से उखड़ कर गिर चुके है जबकि कई कक्ष के प्लास्टर के टूट कर गिरने के कगार पर है। स्कूल का छत का प्लास्टर अपने आप उखड़ कर गिरने से छत का सरिया भी दिखने लगा है। जबकि कई जगह स्कूल भवन के दीवारों पर दराने हो गई है। बारिश होने के दौरान छत से प्लास्टर उखड़ जाने से बारिश का पानी छत से टपकने लगता है जिससे कक्ष का फर्श व टेबल गीला हो जाने से बच्चों को पढ़ाई करने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। संस्था में कोई अतिरिक्त कक्ष भी नहीं है जहां बारिश के दौरान बच्चों को बैठाकर पढ़ाया जा सके। हैरानी की बात यह है कि प्रदेश सरकार द्वारा जर्जर स्कूल भवनों की मरम्मत के लिए मुख्यमंत्री जतन योजना के तहत स्कूल का मरम्मत कराया गया था। धौरपुर प्राथमिक शाला के शिक्षक ने बताया की कुछ समय पूर्व स्कूल का मुख्यमंत्री जतन योजना के तहत भवन के मरम्मत का कार्य किया गया था परन्तु गुणवत्ता विहिन मरम्मत किए जाने से स्कूल भवन की हालत जस की तस हो गई। जिसका खामियाजा स्कूल में पढ़ाई करने वाले बच्चों व शिक्षकों को भुगतना पड़ रहा है। ऐसे में सही तरीके से भवन की मरम्मत नहीं हुई तो आने वाले समय में पढाई करने वाले बच्चे व शिक्षकों के लिए खतरनाक हो सकता है।



जर्जर प्राथमिक पाठशाला।

बारिश में होती है परेशानी

स्कूल भवन के जर्जर होने पर बारिश के मौसम मे खतरा और भी बढ़ जाता है। जगह-जगह से छत का प्लास्टर उखड़ने से ठंड व गर्मी के मौसम के ज्यादा परेशानी नहीं होती है। लेकिन बारिश होने के बाद पानी टपकने से बच्चों व शिक्षकों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। शिक्षकों का कहना है कि अगर बेमौसम भी बारिश हुई तो छत से पानी टपकना शुरू हो जाता है ऐसे में बच्चों को पढ़ाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

शिक्षक की कमी

स्कूल का संचालन एक शिक्षक व शिक्षिका के भरोसे संचालित है। शासकीय कार्य से किसी शिक्षक को जाना पड़ता है तो एक शिक्षक स्कूल के पांच कक्षाओं को कैसे पढ़ाएगा यह आसानी से समझा जा सकता है। पहली से पांचवी कक्षाओं के बच्चों को संभालना एक शिक्षक के लिए कितना कठिन कार्य है। शिक्षक को पांच-पांच कक्षाओं के बच्चे की हाजिरी लेना, पढ़ना एवं सरकारी कामकाज व संकुल स्तर की बैठक में शामिल होना पड़ता है। ऐसे में स्कूल के एक शिक्षक पर ही स्कूल की जिम्मेदारी होती है।

बरसात से पूर्व कराई जाएगी मरम्मत

स्कूल भवन का कुछ समय मरम्मत किया गया था। भवन काफी पुरानी है। बरसात से पूर्व ही स्कूल भवन की मरम्मत कराई जाएगी जिससे बच्चों को बारिश के दौरान परेशानी न हो सके।
-मनोज वर्मा, बीईओ

हवन-पूजन करते शिक्षक व विद्यार्थी।

हवन पूजन के साथ की गई नए शिक्षा सत्र की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

मंगलवार से स्कूल खुलने के साथ ही नए शिक्षण सत्र की शुरुआत हुई। इस दौरान नगर के पतरातू स्थित डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल में हवन पूजन के साथ नए शिक्षा सत्र की शुरुआत की गई। इस हवन पूजन के जरिए बच्चों को सनातन संस्कृति से जोड़ने की पहल की गई। बता दें डीएवी विद्यालय परिवार द्वारा प्रतिवर्ष नए शिक्षा सत्र की शुरुआत के अवसर पर हवन पूजन कर कक्षाएं शुरू की जाती है।

मंगलवार को स्कूल में शिक्षक बजरंगबली शर्मा के नेतृत्व में बच्चों ने हवन पूजन की गतिविधियों में हिस्सा लिया। इस दौरान शिक्षक श्री शर्मा ने बच्चों को बताया कि हवन का वैज्ञानिक और आध्यात्मिक दोनों दृष्टिकोण से महत्व है। हवन वातावरण को प्रदूषण मुक्त बनाने के साथ ही अच्छी सेहत के लिए भी ज़रूरी है। वेदों में भी हवन के महत्व को बताते हुए कहा गया है कि हवन के धुएं से प्राण में संजीवनी शक्ति का संचार होता है,इसके जरिए आसपास की नकारात्मक ऊर्जा समाप्त होती है। विद्यालय के प्राचार्य आशुतोष झा ने विद्यार्थियों को हवन के महत्व के बारे में विस्तारपूर्वक बताया तथा बच्चों को हमेशा सकारात्मक बने रहने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी होने से ज़्यादा महत्वपूर्ण विद्यार्थी जीवन को समझना है। यह वक्त आपके जीवन में अनेक इम्तिहान लेकर आता है और आपको हर इम्तिहान में अपनी श्रेष्ठता साबित करनी होती है, बस जरूरत है एकाग्रचित्त होकर आप अपने लक्ष्य की तरफ बढ़ते रहें।

गीता के पाठ से उत्पन्न होती है सकारात्मक ऊर्जा

गीता पाठ करते सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

नवरात्रि के प्रथम दिवस महामना मालवीय मिशन द्वारा जमुना लाल श्रीवास्तव के निवास पर गोष्ठी एवं गीता पाठ किया गया। इस अवसर पर गीता के अध्याय ग्यारह का पाठ किया गया। प्रकाश कश्यप ने कहा कि जहां गीता का पाठ होता है वहां सकारात्मक ऊर्जा उत्पन्न होती है जिससे व्यक्ति सात्विक प्रवृत्त अपनाने लगता है। शिक्षाविद ब्रह्म शंकर सिंह ने कहा कि गृहस्थ आश्रम में घर का मालिक कभी-कभी तनाव में आ जाता है। वह गीता का अनुश्रवण करे तो जीवन पर्यंत तनाव मुक्त रहेगा।

गीता मर्मज्ञ पं ललित मोहन तिवारी ने कहा कि व्यक्ति अपने दिनचर्या के कार्यों में व्यस्त रहता है पर थोड़ा समय निकालकर आध्यात्मिक समागम में समय दे तो व्यक्ति के बहुतायत समस्या का समाधान होगा। दुर्गा प्रसाद तिवारी ने कहा कि सकारात्मक तथ्यों पर संवाद होना चाहिए। इससे बुद्धि में प्रखरता आती है और व्यक्ति चिंतनशील बनता है। राजकुमार गुप्ता ने कहा कि आध्यात्मिक आनंद की अनुभूति होने पर व्यक्ति का मन अन्यत्र कहीं नहीं लगेगा। संतोषी और धैर्यवान व्यक्ति हमेशा खुशहाल और प्रसन्नचित्त रहता है। राज नारायण द्विवेदी ने कहा कि जो सुख भोगकाल में भी आत्मा को मोहित करने वाला है वह निद्रा आलस्य और प्रमाद से उत्पन्न सुख तामस कहा गया है। पेंशनर्स एसोसिएशन के उपाध्यक्ष जय प्रकाश चौबे ने कहा कि जो सुख विषय और इंद्रियों के संयोग से होता है वह पहले भोगकाल में अमृत के तुल्य प्रतीत होने पर भी परिणाम विष के तुल्य है। जमुना लाल श्रीवास्तव ने कहा कि कर्म की महत्ता से व्यक्ति की पहचान बनती है इसलिए ईश्वर का परायण होकर कर्म करना चाहिए। सचिदानंद पाण्डेय ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने कहा है कि कर्म करों फल की इच्छा मत करों फल अपने आप मिलेगा। यह वाक्य मेरे जीवन में परिलक्षित हुआ है मैं इसका अनुभव किया हूं। कार्यक्रम में आरएन अवस्थी, हरिशंकर सिंह, अशोक सोनकर ने भी अपना विचार रखा।

छग बंग समाज के रामू बने प्रदेशाध्यक्ष

बिश्रामपुर। छत्तीसगढ़ बंग समाज का समाज के लोगों द्वारा सर्वसम्मति से रामू घोष को प्रदेशाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। संरक्षण, पुनर्गठन समिति के सदस्यों द्वारा रामू घोष को आगामी 3 वर्ष के लिए समाज का प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया है। प्रदेश अध्यक्ष पद हेतु नामांकन 20 मार्च को तथा नाम वापसी 23 मार्च तत्पश्चात विष्णु विश्वास एवं रामू घोष में बहुमत के आधार पर रामू घोष को समाज का अध्यक्ष निर्वाचित किया गया है। समाज के निर्वाचन अधिकारी रमेश विश्वास, कृष्णा मल्लिक, सुनील विश्वास, बासु सरदार एवं मंगल विश्वास ने रामू घोष को निर्वाचित होने का प्रमाण पत्र संरक्षक सुबोध विश्वास एवं सुभाष राय के उपस्थिति में दिया गया। सचिव पुलिन मंडल ने नव निर्वाचित अध्यक्ष को शुभकामनाएं देते हुए उपस्थित सभी सदस्यों को शांतिपूर्ण पुनर्गठन कार्यवाही के लिए आभार व्यक्त किया। पंद्रह दिनों में नवीन प्रबंधकारिणी एवं कार्यकारिणी का गठन कर शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया जाएगा, जिसमें राज्य के विभिन्न जिलों से समाज के गणमान्य अतिथियों को बुलाया जाएगा। पुनर्गठन कार्यवाही में विशेष रूप सुशांत घोष, शिव शंकर दास, विमान मुखर्जी, संदीप घोष, निरंजन विश्वास, सुभाष मंडल, दिलीप मंडल, गोपाल हालदार, दिलीप धर, गौर विश्वास, मनोज विश्वास, हरिप्रसाद मिस्त्री, सुखचंद चौधरी, समीर हालदार, कृष्ण मंडल, सुभाष सरकार व अन्य उपस्थित थे।

युवा अयोग के अध्यक्ष ने किया बास्केटबॉल के नए सत्र का शुभारंभ

अंबिकापुर। शहर के गांधी स्टेडियम में स्थित बास्केटबॉल ग्राउंड आज नए सत्र का छत्तीसगढ़ युवा आयोग के अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर द्वारा शुभारंभ किया गया। राष्ट्रीय कोच राजेश प्रताप सिंह ने बताया कि मंगलवार से नए सत्र शुभारंभ किया। इसमें सुबह शाम प्रतिदिन सैकड़ों खिलाड़ी नियमित रूप से अभ्यास करने आते हैं। आयोग के अध्यक्ष से खिलाड़ियों ने अंतरराष्ट्रीय मानक के बास्केटबॉल पोल की मांग की गई है। इस दौरान आयोग के अध्यक्ष श्री तोमर ने बताया कि बहुत अच्छी बात है कि आज के इस युग में बच्चे मोबाइल एवं टीबी छोड़ कर प्रतिदिन अभ्यास कर रहे। उन्होंने ने आश्वासन दिया कि जल्द से जल्द बास्केटबॉल खिलाड़ियों का मांगा पूरा किया जाएगा। इस अवसर पर नितिन शर्मा, रजत सिंह, दिपु पाण्डेय, प्रिया जायसवाल, खुशबू गुप्ता, प्रज्ञा मिश्रा, अल्फा, रिमझिम, आयुष बारी, श्रेयांस व अन्य बास्केटबॉल खिलाड़ी ग्राउंड पर उपस्थित थे।

बिजनेस न्यूज

श्याम लाइब्रेरी का किया गया उद्घाटन

अंबिकापुर। मंगलवार को शहर के राजेंद्र नगर में छात्र छात्राओं के पढ़ने, सीखने, कौशल बढ़ाने एवं खुद को बेहतर बनाने के उद्देश्य से श्री श्याम लाइब्रेरी का राष्ट्रीय कोच राजेश प्रताप सिंह ने फीता काट शुभारंभ किया। लाइब्रेरी के संचालक साकेत केडिया ने बताया कि लाइब्रेरी के शुरू होने से आसपास के छात्र- छात्राओं को इसका विशेष लाभ मिलेगा। राष्ट्रीय कोच राजेश प्रताप सिंह ने बताया कि युवाओं को काफी सहूलियत होगी। उनको सही मार्गदर्शन के अभाव में युवा किताबों से दूर होकर मोबाइल के करीब हो गया है। इस तरह की लाइब्रेरी से उन्हें काफी मदद मिलेगी। इस अवसर पर रमेश केडिया, विनोद केडिया, प्रमोद केडिया, नामदेव, लक्ष्मी मिश्रा, आकाश दुबे, रजत सिंह, राहुल सिंह, प्रिया जायसवाल समेत अन्य शहरवासी उपस्थित थे।

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिफलिस गनोरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

TOP IN SURGUJA

सरगुजा मार्केट

खबर संक्षेप

चैत्र नवरात्रि पर नगर में चल रहा रामलीला महोत्सव

बिश्रामपुर। नगर के गौरीशंकर मंदिर प्रांगण में चैत्र नवरात्रि के अवसर पर नौ दिवसीय रामलीला का आयोजन किया जा रहा है। गौरतलब है कि श्री सीताराम धर्म प्रचारक रामायण रामलीला मंडल के तत्वावधान चैत्र नवरात्रि के अवसर पर गौरीशंकर मंदिर प्रांगण में श्री रामलला के पावन चरित्र 9 दिवसीय रामलीला महोत्सव का आयोजन 29 मार्च से 6 अप्रैल तक किया जा रहा है। रामलीला का आयोजन प्रतिदिन रात 7 से 10 बजे तक कराया जा रहा है।

पीड़ित परिवार से मुलाकात कर मंत्री नेताम ने की आर्थिक मदद

रामानुजगंज। ग्राम नेहरू नगर के विश्वनाथ मिस्त्री के पुत्र एवं पुत्री के गांव के सटे ग्राम सुभासनगर के तालाब में गिरकर डूबने और दोनों मासूम की मौत हो जाने की जानकारी मिलते ही कृषि मंत्री रामविचार नेताम पीड़ित परिवार से मुलाकात की।उन्होंने परिजन से मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त की। साथ ही परिजन को आर्थिक मदद प्रदान की और सरकार से आर्थिक सहायता प्रदान करने की एसडीएम और तहसीलदार को तत्काल निर्देशित किए। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य व सभापति बद्री यादव, बीडीसी भोला गुप्ता व अन्य मौजूद रहे।

तहसीलदार को हटाने की मांग, ग्रामीणों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

प्रतापपुर। तहसीलदार सालिक राम गुप्ता के खिलाफ ग्रामीणों व चेरवा समाज ने खोला मोर्चा खोल दिया। है। एसीबी द्वारा रंगे हाथ रिश्वत लेते पकड़े जाने के बावजूद तहसीलदार के विरूद्ध कार्रवाई नहीं होने पर ग्रामीण व चेरवा समाज के लोगों ने तहसीलदार को हटाकर जांच किए जाने की मांग की है। प्रतापपुर तहसील कार्यालय में एसीबी द्वारा छापा मार कार्यवाही करते हुए तहसील के बाबू एवं एक पटवारी को रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया था। प्राथी के कहने व बाबू के बयान के बाद भी तहसीलदार के विरूद्ध आज तक कोई कार्रवाठ नहीं होने से ग्रामीणों में आक्रोश है। ग्रामीणों का कहना है कि ग्रामीण क्षेत्र के आदिवासियों एवं भोले भाले लोगों को परेशान कर आए दिन तहसीलदार द्वारा जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, सीमांकर आदेश अन्य प्रकरणों में बिना रिश्वत लिए कोई भी हस्ताक्षर नहीं करता था। आज ग्रामीणों ने एसडीएम को कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंप कार्रवाई किए जाने की मांग की है। इस दौरान शिवचरण बघेल, रुद्र प्रसाद बंछोर, इंद्रपाल खमरिया, रामचंद्र मांझी, जीतन सोनहा, भुनेश्वर सोनहा, राम प्यारे नागवंशी, राजेंद्र बघेल, बाल गोविन्द सोनहा, गिरिधर कुमार सूर्यवंशी, जवाहिर सहित बड़ी संख्या में चेरवा समाज के लोग उपस्थित रहे।

ग्रामीणों ने बिलासपुर एसईसीएल कार्यालय का किया घेराव

रायगढ़। एसईसीएल की बरौद कोयला खदान के विस्थापित ग्राम बरौद के ग्रामवासियो ने एसईसीएल सीएमडी मुख्यालय बिलासपुर का घेराव कर अपनी एक सूत्रीय मांगो को लेकर ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने जनवरी माह में हुए समझौते के अनुसार लाभ दिलाए जाने की मांग की गई।15 दिनों के भीतर उनकी मांगों पर उचित कार्रवाई नहीं होने की दशा में 16 अप्रैल से अनिश्चितकालीन हड़ताल करने की भी चेतावनी ग्रामीणों ने दी। बता दें कि रायगढ़ जिले के एसईसीएल अंतर्गत बरौद कोल माइंस प्रभावितों को लगातार मुश्किलों का समाना करना पड़ रहा है। इन सबके बीच एक बार फिर से बरौद खदान के प्रभावितों द्वारा मोर्चा खोलते हुए एसईसीएल मुख्यालय बिलासपुर सीएमडी कार्यालय पहुंचे और अपनी एक सूत्रीय मांगो को लेकर दफ्तर के सामने प्रदर्शन करने लगे। अहम बात यह है कि एसईसीएल रायगढ़ अंतर्गत बरौद कोयला खदान प्रभावित लंबे समय से पुनर्विस्थापन लाभ को एसईसीएल के अन्य कोयला खदान भू विस्थापितों की तरह समान आधार पर लाभ प्रदान किया जाने को लेकर लंबे समय से जद्दोजहद कर रहे हैं। ग्रामीणों की माने तो लंबे समय से जिस भूमि पर वे जीवकोपार्जन करते थे, वह एसईसीएल के कोयला खदान प्रभावित क्षेत्र में ले अधिग्रहित कर लिया गया है और विस्थापन के नाम पर कुछ भी प्रदान नहीं किया गया है। यह पीड़ा भू विस्थापित परिवार सालों से सहन कर रहे हैं।

पेज 1 के शेष...

मारपीट के बाद आरोपियों को भागने...

शहर से फरार हो गए थे और बिलासपुर के मंगल चौक स्थित शुभम विहार कॉलोनी में अपनी बहन शाजली के घर पर ठहरे थे। पुलिस टीम ने सीसीटीवी फुटेज एकत्रित किए हैं, जिनमें यह स्पष्ट रूप से देखा गया है कि किया सेल्टोस कार, जो वसीम कुरैशी के क़रीबी दोस्त और विश्वासपात्र ब्रह्म रोड निवासी नौशाद शमशाद मलिक की थी। इसी कार का उपयोग फरारी में किया गया है। आरोपियों को भगाने में नौशाद शमशाद मलिक की महत्वपूर्ण भूमिका रही, क्योंकि उसने अपनी गाड़ी उपलब्ध कराई। वर्तमान में उसके दोनों मोबाइल फोन स्विच ऑफ हैं और खरसिया नाका स्थित उसकी दुकान व घर दोनों बंद हैं। पुलिस अभी भी आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है, आरोपियों की शीघ्र गिरफ़तारी कर ली जायगी।

लगातार बढ़ते मामलों से विशेषज्ञ भी चिंतित

मोबाइल फोन और टीवी की रंगीन दुनिया से बढ़ रहे ऑटिज्म के केस

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मोबाइल फोन और टीवी की रंगीन दुनिया नन्हे बच्चों में ऑटिज्म का कारण बनती जा रही है। सरगुजा जिले और संभाग में ऑटिज्म के मामले काफी तेजी से बढ़ रहे है और ऐसे ऐसे केस सामने आ रहे है जिससे चिकित्सकों की चिंताएं बढ़ गई है। पिछले एक साल के अन्दर अस्पताल के ऐसे मामले सामने आए जिसमें बच्चों के स्वभाव में असामान्य रूप से परिवर्तन आया। बच्चे चिडचिडे हो रहे है इसके साथ ही कुछ बच्चों ने अपनी ही एक अलग भाषा का विकास कर लिया। यही वजह है कि विशेषज्ञों द्वारा माता-पिता को अपने बच्चों पर विशेष ध्यान देने और 6 साल की कम उम्र के बच्चों को मोबाइल और टीवी की स्क्रीनिंग से दूर रखने की सलाह दी जा दी है।

खास बात

- बना ले रहे अपनी ही अलग दुनिया

सरगुजा में ऑटिज्म के बढ़ते मामलों को लेकर विश्व ऑटिज्म दिवस पर हरिभूमि ने राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय के ईएनटी विभाग में पदस्थ ऑडियोलॉजिस्ट से बात की। आम तौर पर ऑटिज्म अनुवांशिक होता है या फिर जब बच्चा मां के गर्भ में हो और कोई समस्या हो जाए, जन्म के बाद बच्चा नहीं रोता है तो उस बच्चे को ऑटिज्म होने की संभावना होती है लेकिन वर्तमान में ऑटिज्म का एक सबसे बड़ा कारण मोबाइल फोन और टीवी है। आधुनिकता के इस योग में माता-पिता काम की व्यस्तता के कारण बच्चों को मोबाइल फोन और टीवी के सामने छोड़ देते है या फिर खाना खिलाने के लिए मोबाइल लेकर बैठ जाते है और यही कारण है कि बच्चों के मस्तिष्क पर इसका बुरा असर पड़ रहा है और बच्चे ऑटिज्म का शिकार हो रहे है। वर्तमान स्थिति में सरगुजा में भी ऑटिज्म के मामलों में लगातार वृद्धि हो रही है। प्रत्येक सप्ताह ऑटिज्म के केस सामने आ रहे है। जब बच्चों की हरकतें असामान्य हो जाती है या फिर अत्यधिक चिडचिडे हो जाते है, बच्चे सुनते है तो है लेकिन बोल नहीं पाते तो फिर माता-पिता बच्चों को लेकर अस्पताल आते है। अस्पताल में एक साल के अन्दर कुछ ऐसे केस आए है जिनसे इस बीमारी की गंभीरता का पता लगाया जा सकता है।

बच्चे को खेल के माध्यम से थेरेपी देते चिकित्सक।

विकसित कर ली खुद की भाषा

ऑडियोलॉजिस्ट श्री पैकरा ने बताया कि सरगुजा जिले एक केस में एक साथ जन्मे तीन बच्चों के ऑटिज्म का केस आया था। इस केस में माता-पिता ने अपनी काम की व्यस्तता के कारण घर में टीवी लगवा दिया और चार साल के बच्चे ज्यादातर समय अपना टीवी में व्यतीत कर रहे थे। माता-पिता साउथ की भाषा में घर में बात करते थे, फिर बच्चे स्कूल जाते तो अंग्रेजी भाषा सुनते फिर टीवी में कार्टून की भाषा सुनते। इस तरह बच्चों ने अलग अलग भाषाओं को सुनकर अपनी ही एक अलग भाषा तैयार कर ली। तीनों बच्चे एक अलग ही भाषा में बात करते थे। एक वर्ष पूर्व बच्चों को उपचार के लिए लाया गया था और लम्बे समय तक चली थेरेपी के बाद बच्चे अब सामान्य हो पाए है।

मोगली की तरह हरकतें करने लगा बच्चा

उन्होंने बताया कि अस्पताल में एक अन्य केस में चार साल के बच्चे को मोगली का कार्टून ज्यादा पसंद था और वह लगातार कार्टून देखने के बाद मोगली की तरह हरकत करने लगा। इसी तरह एक बच्चे को डायनासोर वाले कार्टून पसंद थे तो बच्चा कार्टून देखर काफी हाइपर हो गया। बच्चे को कोरियन भाषा का कार्टून दिखाया जाता था तो वह कोरियन भाषा का उपयोग करने लगा। बच्चों की इन असामान्य स्थिति से संभालने में एक वर्ष तक का समय लग गया।

ये है कुछ सामान्य लक्षण

उन्होंने बताया कि ऑटिज्म वर्तमान में तेजी से बढ़ रहा है और इसका पता तीन साल की उम्र के बाद ही माता-पिता को लग पाता है। इसलिए जरुरी है कि लोगों में इस बीमारी के प्रति जागरूकता हो। बच्चे को संपर्क और बातचीत करने में कठिनाई, भावनाओं को समझने में समस्या, बच्चों का देर से बोलना, एक ही शब्द को बार-बार दोहराना, बुलाने पर जवाब न देना, अकेला रहना, आंख न मिला पाना, हर दिन एक ही तरह से बिताना, खुद को चोट लगाना या नुकसान पहुंचाना, दूसरे व्यक्ति की भावनाओं को न समझना या उनकी भावनाओं के प्रति संवेदनशील न होना ऑटिज्म के लक्षण है। इसके साथ ही सनकी व्यवहार करना, किसी भी एक काम या सामान के साथ पूरी तरह व्यस्त रहना, गुस्सैल, बदहवास, बेचैन, अशांत और तोड़फोड़ मचाने जैसा व्यवहार करना, किसी काम को लगातार करते रहना जैसे, झूमना या ताली बजाना, किसी विशेष प्रकार की आवाज, स्वाद और गंध के प्रति अजीब प्रतिक्रिया देना पुरानी स्किल्स को भूल जाना भी इसके लक्षण है।

3 वर्ष की उम्र तक हो जाता है मस्तिष्क का विकास

ऑडियोलॉजिस्ट पैकरा का कहना है कि सामान्य तौर पर 90 प्रतिशत तक मस्तिष्क का विकास 3 वर्ष की उम्र तक हो जाता है जबकि 6 वर्ष की उम्र तक बच्चों में भाषा का विकास हो जाता है लेकिन इसी उम्र में हम बच्चों को मोबाइल फोन देकर छोड़ देते है। मोबाइल फोन के कारण 3 साल की उम्र तक बच्चों के ब्रेन का सही विकास नहीं हो पाता है और मोबाइल फोन और कार्टून की उन्हें लत लग जाती है। बच्चे जिस कार्टून शो को देखते है उसे ही अपनी दुनिया बना लेते है और बाहरी दुनिया से उन्हें कोई मतलब नहीं होता और यही वजह है कि बच्चे हाइपर हो जाते हैं, उछल कूद करते हैं। एक जगह बैठ नहीं पाते हैं। अजीब अजीब आवाजें निकालते है, आवाज कार्टून जैसी कर लेते हैं। सही तरीके से नहीं बोल पाते है, बिना मोबाइल फोन या टीवी के खाना नहीं खाते है।

थेरेपी ही उपाय

ऑडियोलॉजिस्ट का कहना है बच्चों को न्यूनतम 6 साल की उम्र तक मोबाइल और टीवी से दूर रखा जाए। इसके साथ ही माता पिता बच्चे के जन्म के समय प्रसूता महिला के पोषण आहार का विशेष ख्याल रखें, यदि जन्म के बाद बच्चा रोता नहीं है या फिर दिमागी बुखार होता है तो विशेषज्ञ चिकित्सकों से उपचार कराएं। वहीं ऑटिज्म की समस्या आने पर लक्षणों के आधार पर बच्चों को थेरेपी दी जाती है और थेरेपी से बच्चे ठीक हो रहे है लेकिन इसके लिए अभिभावकों को समय पर समस्या की पहचान कर अस्पताल पहुंचना जरूरी है।

शासकीय भूमि के खसरा नंबर के साथ छेड़खानी करने पर एसडीएम ने पटवारी को किया बर्खास्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

तहसील कार्यालय लटोरी में पदस्थ पटवारी बालचंद पिता हिरकिशुन राजवाड़े द्वारा ग्राम मदनपुर स्थित शासकीय भूमि खसरा नंबर 83/2 रकबा 0.27 हेक्टेयर, खसरा नंबर 84 रकबा 0.98 हेक्टेयर, खसरा नंबर 89 रकबा 0.25 हेक्टेयर, खसरा नंबर 101 रकबा 0.52. खसरा नंबर 104 रकबा 0.40 हेक्टेयर, खसरा नंबर 105 रकबा 0.20 हेक्टेयर, खसरा नंबर 108 रकबा 0.25 हेक्टेयर उक्त सभी खसरा नंबर शासकीय भूमि थी। जिसमें सभी खसरा नंबर में छेड़छाड़ करते हुए चिन्ता राम राजवाड़े का नाम दर्ज कर शिवलाल पिता चिन्ता राम का नाम अंकित किया गया है।

साथ ही खसरा नंबर 66 रकबा 0.75 हेक्टेयर, खसरा नंबर 48 रकबा 0.11 हेक्टेयर, खसरा नंबर 67 रकबा 0.74 हेक्टेयर, खसरा नंबर 68 रकबा 0.27 हेक्टेय, खसरा नंबर 57 रकबा 0.84 हेक्टेयर जो शासकीय भूमि थी जिसमे छेडछाड़ कर सभी खसरा नंबर का मद परिवर्तन कर प्रकाश समद्दार के नाम से दर्ज किया गया है। उसके पश्चात सभी खसरा नंबर को प्रकाश समद्दार पिता शैलेन्द्र समद्दार निवासी किशुनपुर तहसील अम्बिकापुर के नाम से भूमि स्वामी के रूप में दर्ज किया गया है। खसरा नंबर 58 रकबा 0.26 हेक्टेयर, खसरा नंबर 168 रकबा 0.82 हेक्टेयर, खसरा नंबर 109 रकबा 0.26 हेक्टेयर भूमि जो शासकीय मद की थी। जिसका मद परिवर्तन कर सुखरंजन हालदार के नाम से अंकित किया गया है। उसके पश्चात सभी खसरा नंबर को विभा सिंह पति सुखरंजन हलदार निवासी अम्बिकापुर के नाम से पूर्व से आदेश पारित कर दर्ज किया गया, लेकिन किसी प्रकार के आदेश की प्रति संलग्न नहीं किया गया है, जबकी सभी खसरे छोटे झाड़ जंगल मद के थे। पटवारी बालचंद द्वारा ग्राम मदनपुर एवं पण्डोनगर स्थित शासकीय भूमियों को व्यक्तिगत लाभ पहुंचाने की दृष्टि से आनलाईन राजस्व रिकॉर्डों में हेर-फेर करते हुए शासकीय भूमि को भूमि स्वामी मद में दर्ज कर गंभीर कृत्य किया गया है। जिस वजह से उक्त पटवारी को छग सिविल सेवा नियम 1968 नियम 10 खण्ड-2 शास्ति नियम 10,11 में दिए गए प्रावधानों के तहत सूरजपुर एसडीएम द्वारा बर्खास्त कर दिया गया है।

शौर्य और पराक्रम बजरंग दल की पहचान : ऋषि

बिश्रामपुर। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल का त्रिशूल दीक्षा समारोह बिश्रामपुर के गौरी शंकर मंदिर प्रांगण में मंगलवार को संपन्न हुआ।आयोजन के मुख्य अतिथि बजरंग दल के प्रांत संयोजक ऋषि मिश्रा थे अध्यक्षता विहिप के सुनील पांडेय ने की।कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता व राम दरबार के छाया चित्र के समक्ष धूप दीप प्रज्वलित कर किया गया।त्रिशूल दीक्षा समारोह के मुख्य अतिथि बजरंग दल के प्रांत संयोजक ऋषि मिश्रा ने अपने उद्बोधन की शुरुआत भारत माता की जयघोष से कर बजरंगियों को संबोधित करते हुए कहा कि शौर्य और पराक्रम का दूसरा नाम बजरंग दल है।मिश्रा ने कहा कि हमें गर्व है कि हम हिन्दू हैं और बजरंग दल से जुड़े हैं।उन्होंने कहा कि सनातन धर्म की रक्षा के लिए ही बजरंग दल की स्थापना हुई है।उन्होंने राम मंदिर आंदोलन सहित जम्मू में अमरनाथ यात्रा को रोकने आतंकवादियों के कुत्सित प्रयास के दौरान बजरंग दल कार्यकर्ताओं के साहस और पराक्रम को नमन किया।इस दौरान बताया गया कि बजरंग दल के गठन का उद्देश्य सेवा सुरक्षा और संस्कार है।उन्होंने कहा कि भगवा हमारी आन बान शान का प्रतीक है और बजरंग दल भगवा के सामने ही नतमस्तक होता है। उन्होंने

बजरंगियों को सप्ताह में एक दिन किसी भी मंदिर में एकत्रित होने का आह्वान किया और कहा कि एकत्रीकरण से आपसी जुड़ाव होगा।सभा को विहिप के सुनील पांडेय ने भी संबोधित कर एकता में बल होने की बात कही और कहा कि हमारा हिन्दू समाज संगठित हो इसके लिए विहिप बजरंग दल सहित हमारे अन्य अनुषंगी संगठन इसके लिए निरंतर प्रयासरत हैं। कार्यक्रम के दौरान करीब डेढ़ सौ बजरंगियों को त्रिशूल दीक्षा के बाद त्रिशूल का वितरण किया गया।बाद में यही से पथ संचलन निकाल स्वयं सेवकों ने नगर भ्रमण किया जहां जगह जगह के साथ वापस गौरीशंकर मंदिर पहुंचे सामूहिक प्रसाद वितरण के साथ आयोजन संपन्न हुआ। आयोजन को सफल बनाने सुजीत, दिनेश साहू, प्रहलाद निषाद, सत्येंद्र भारती, आशीष ठाकुर, सन्नी गिरी, गोलू कसेर, प्रियांशु सोनी सहित बड़ी संख्या में बजरंग दल के पदाधिकारी कार्यकर्ता सक्रिय रहे।

ट्रांसपोर्टर की पिटाई मामले में गृहमंत्री से मिला भाजपा का प्रतिनिधिमंडल

अम्बिकापुर। पिछले दिनों हुई ट्रांसपोर्टर की पिटाई व रोड रेज मामलों को लेकर मंगलवार को भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया के नेतृत्व में भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने गृहमंत्री व उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा से रायपुर में उनके निवास पर भेंट की। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष श्री सिसोदिया व प्रतिनिधिमंडल ने गृहमंत्री को ट्रांसपोर्टर की पिटाई की लोमहर्षक घटना के संबंध में विस्तार से जानकारी दी तथा घटना के फरार आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर कठोर कार्रवाई करने की मांग की। भाजपा जिलाध्यक्ष ने गृहमंत्री श्री शर्मा को बताया कि इस घटना को लेकर जिले का हिन्दू समाज आंदोलित है, जल्द आरोपियों पर कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलनकारियों को रोकना मुश्किल हो जाएगा। गृहमंत्री श्री शर्मा ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आईजी से फोन पर पूरी जानकारी ली तथा तुरंत घटना के आरोपियों को गिरफ्तार करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि भाजपा सरकार में कोई अपराधी बचेगा नहीं, उसे कहीं से भी ढूंढ निकाला जाएगा और सजा मुकर्रर होगी। प्रतिनिधिमंडल में ननि सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी, जिला उपाध्यक्ष विनोद हर्ष, जिला संवाद प्रमुख संतोष दास, सचिन अग्रवाल तथा मनीष बंसल सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

खाद-बीज एवं कीटनाशक व्यवसायी कर रहे नियमों का उल्लंघन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

खाद बीज एवं कीटनाशक दवा विक्रेताओं द्वारा दुकानों में बड़े पैमाने पर अनियमितता की जा रही है। दुकान संचालक बिक्री नियमों का उल्लंघन करने के साथ ही बिना कैश क्रेडिट मेमो जारी किए, पंजी का संधारण किए बना ही वयवसाय कर रहे है। कुछ व्यवसायियों द्वारा अनुबंध समाप्त होने के बाद भी दुकान का संचालन किया जा रहा है।

- निरीक्षण के बाद जारी किया गया नोटिस, मिली अनेकों अनियमितताएं

ऐसे में विभाग द्वारा दुकान संचालकों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है। संतोषप्रद जवाब नहीं आने पर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की बात कही जा रही है। बता दें कि सरगुजा के खाद बीज व कीटनाशक दुकानों में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी की शिकायतें मिल रही थी। ऐसे में कलेक्टर व कृषि उप संचालक के निर्देश पर कृषि सामग्री विक्रेता दुकानों के जांच हेतु टीम का गठन किया गया था। उर्वरक निरीक्षक जे आलम एवं टीम द्वारा दुकानों का निरीक्षण करने के साथ ही कारण बताओं नोटिस जारी कर कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में 1 अप्रैल को टीम द्वारा शहर के लगभग दर्जनों दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया। जिसमें दुकानों द्वारा किये जा रहे अनियमितताओं के आधार पर नोटिस जारी किया गया है। निरीक्षण के दौरान संबंधित फर्म के द्वारा आवश्यक वस्तु अधिनियम व बीज नियंत्रण आदेश एवं कीटनाशी अधिनियम में निहित प्रावधानों का उल्लंघन

कर व्यापार किया जा रहा था, जिसमें क्रेता को निर्धारित प्रारूप में कैश क्रेडिट मेमो जारी न करना, बीज व किटनाशी औषधी का भण्डारण वितरण पंजी का संधारण न करना, बोर्ड पर स्कंध व बिक्री दर का प्रदर्शन न करना, अनुज्ञप्ति प्रमाण पत्र स्पष्ट दिखने वाले स्थान पर न पाया जाना एवं अनुज्ञप्ति प्रमाण पत्र का नवीनीकरण न पाया जाने के साथ-साथ अन्य अनियमितता पाई गई। जिस पर बीज एवं कीटनाशक निरीक्षक जे. आलम एवं उनकी टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए समस्त दुकानों को तत्काल नोटिस जारी कर तीन दिवस के अंदर समस्त दस्तावेजों का सुधार कर जवाब प्रस्तुत करने कहा गया है इस संबंध में बीज व कीटनाशी निरीक्षक श्री जे आलम के द्वारा बताया गया कि समय अवधि मे उपरोक्त प्रतिष्ठानों द्वारा सुधार कर जवाब प्रस्तुत न करने की स्थिति में वैधानिक कार्रवाई की जाएगी ।

ट्रांसपोर्टर से मारपीट मामले में कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने एसपी से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सड़क दुर्घटना के बाद सूरजपुर के ट्रांसपोर्टर से की गई बर्बरतापूर्वक मारपीट के मामले के साथ ही सहह व जिलेभर में घटित हो रहे अपराधों व पुलिसिंग को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी के प्रतिनिधि मंडल ने एसपी सरगुजा योगेश पटेल से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा है।

इस दौरान कांग्रेस के प्रतिनिधि मंडल ने एसपी से कहा कि 28 मार्च को सामान्य सड़क दुर्घटना के बाद क्रूरता के साथ हुई मारपीट की घटना में पुलिस अब तक आरोपियों को गिरफ्तार नहीं कर पाई। इस घटना की वीडियो भी वायरल है। कांग्रेस यह मानती है कि जिसप्रकार से इस आपराधिक घटना को अंजाम दिया गया वो क्रूरतम होने के साथ निंदनीय है। कांग्रेस पार्टी का मत है कि यह कोई अकेली घटना नहीं है। विगत डेढ वर्ष से जबसे भाजपा की सरकार आयी है तबसे अम्बिकापुर शहर सहित पूरे प्रदेश में कानून व्यवस्था ध्वस्त हुई है। अकेले अम्बिकापुर में हाल ही में अपराध की एक से एक दिल दहला देने वाली घटनाएं सामने आ रही हैं। अभी हाल ही में शहर के दर्रीपारा क्षेत्र में लेनदेन के विवाद में असामाजिक तत्वों ने एक घर पर हमला कर दिया और महिलाओं से मारपीट की गई। शहर के व्यस्ततम अग्रसेन चौक के निकट एक युवक एवं उसके वाहन पर हमला किया गया। शहर में लगातार गैंगवार की खबरें आ रही हैं जिनमें नाबालिग भी शामिल हैं। जेल में बंद जघन्य अपराध के अपराधियों के पास मोबाइल मौजूद है। नाबालिग बच्चे गुटों में शहर की सड़कों पर शक्ति प्रदर्शन कर

रहे हैं। महिलाओं के साथ यौन अपराध में बढ़ोतरी देखी जा रही है। चोरी और लूट की वारदातों में भारी इजाफा हुआ है। इससे प्रतीत होता है कि कानून-व्यवस्था बहाल करने में पुलिस प्रशासन विफल रहा है और आमजन का विश्वास कानून व्यवस्था को बहाल करने वाले तंत्र पर खत्म हो रहा है। एसपी से चर्चा के दौरान 20 सूत्रीय कार्यक्रम के पूर्व उपाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने इस घटना के सभी आरोपियों के तत्काल गिरफ्तारी की मांग की। उन्होंने कहा कि इस घटना के आड़ में शहर के सामाजिक सद्भाव को बिगाड़ने का प्रयास किया जा रहा है जबकि पूरा शहर इस दुर्दांत घटना को लेकर अपराधियों में प्रति एक राय है। इसपर पुलिस अधीक्षक ने सहमति जताई कि इस घटना के बाद ऐसी कोशिशें हो रही हैं। जिससे सामाजिक सद्भाव को बिगाड़ा जा सके। एसपी ने ऐसे प्रयासों को विफल करने के लिये कांग्रेसजनों को आगे आने का निवेदन किया। हीं ननि नेता प्रतिपक्ष शफी अहमद ने सुझाव दिया कि शहर की कानून व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिये सामाजिक पुलिससिंग की व्यवस्था को बहाल किया जाए।

एनटीपीसी में रिकार्ड बिजली उत्पादन

रायगढ़। एनटीपीसी लारा ने 31 मार्च को समाप्त वित्त वर्ष 2024.25 के लिए 90.24 प्लांट लोड फैक्टर पीएलएफ के साथ 12648.02 मिलियन यूनिट का अब तक का सर्वोच्च उत्पादन हासिल किया है। लारा जैसे नए बिजली संयंत्र के लिए यह एक उल्लेखनीय प्रदर्शन है। अन्य परिचालन उपलब्धियों में 800 मेगावाट बिना बॉयलर ट्यूब लीकेज से 442 दिनो को मिलकर 350 दिनों से अधिक समय से लगातार चल रही है, जो 660 और 800 मेगावाट इकाइयों के लिए सर्वोत्तम है। लारा एकमात्र स्टेशन है जिसने शून्य उपकरण आंशिक नुकसान हासिल किया है। ये सभी विशेषताएं एनटीपीसी लारा की राष्ट्र निर्माण के लिए निर्बाध बिजली आपूर्ति प्रदान करने और इसके विकास की गति को शक्ति प्रदान करने की प्रतिबद्धता का प्रमाण हैं। इस उल्लेखनीय प्रदर्शन के लिए अनिल कुमार, कार्यकारी निदेशक एनटीपीसी लारा ने उत्कृष्टता के लिए प्रयास करते हुए, देश के विकास रथ को आगे बढ़ाने के लिए विश्वसनीयए सस्ती और निर्बाध बिजली आपूर्ति प्रदान करने के लिए कर्मचारियों के अथक प्रयास के लिए सभी कर्मचारियों की सराहना की। बिजली उत्पादन के अलावा एनटीपीसी लारा कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व और सामुदायिक विकास गतिविधियों के रूप में समाज में योगदान दे रहा है। सीडीआर.सीडी गतिविधियों के तहत एनटीपीसी लारा रायगढ़ जिले और छत्तीसगढ़ राज्य में शिक्षा, स्वास्थ्य और पेयजल सुविधाओं के विकास के तहत विभिन्न बड़े काम कर रहा है।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना

हरिभूमि

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 17,000/-
8 रात व 9 दिन
EX हरिद्वार
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ,
श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
02 मई से 10 मई 2025, 07 मई से 15 मई 2025,
18 मई से 26 मई 2025, 25 मई से 02 जून 2025,
04 जून से 12 जून 2025
राशिः- स्टैंडर्ड पैकेज 17,000/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411